
# The ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE - HINDI

# DAILY CURRENT AFFAIR

30 - 12– 2022

FRIDAY



### 1. चुनाव आयोग की RVM से प्रवासी मतदाता की चुनाव में बढ़ेगी भागीदारी



प्रवासी कामगारों को एक बड़ी सौगात देने की तैयारी कर रहा है। आयोग काम, शिक्षा या अन्य कारणों से अपने गृह प्रदेश से बाहर रह रहे लोगों को रिमोट वोटिंग देने की तैयारी में जुट गई है। इस बारे में राजनीतिक दलों से राय भी मांगी गई है। इस पहल से चुनावों में वोट प्रतिशत पहले से ज्यादा बढ़ने की संभावना को होगी। साथ ही कामगारों को अपने गृह नगर जाए बगैर मतदान देने का अधिकार मिल सकेगा।भारत निर्वाचन आयोग ने रोजगार, शिक्षा या अन्य कारणों से गृह नगर से बाहर देश के अन्य इलाकों में बसे नागरिकों को रिमोट वोटिंग की सुविधा देने पर काम शुरू किया है। इस पहल से देश में कहीं से भी अपने अपने गृह और मूल निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान करना संभव होगा। प्रवासी मतदाताओं को मदतान के लिए वापस अपने गृह राज्य नगर जाने के झंझट से मुक्ति मिलेगी।इस पहल को जीवंत रूप देने के लिए आयोग ने प्रोटोटाइप रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (आरवीएम) डिवलेप की है। यह एक रिमोट बूथ से ही 72 तकनिवार्चन क्षेत्रों का मतदान करा सकती है। भारत निर्वाचन आयोग ने प्रोटोटाइप आरवीएम के मद्देनजर राजनीतिक दलों को भी सुझाव के लिए आमंत्रित किया है। इसके अलावा चुनाव आयोग ने कानूनी, प्रक्रियात्मक, प्रशासनिक और टेक्निकल चुनौतियों पर राजनीतिक दलों की राय जानने के लिए एक पत्र भी जारी किया हैप्रवासी कामगारों को रिमोट वोटिंग के जरिए मतदान प्रक्रिया में शामिल करने की चुनाव आयोग की पहल बिहार और यूपी के लोगों के लिए बड़ी सौगात साबित होगी। दरअसल बिहार और यूपी में रहने वाले अधिकांश लोग काम के सिलसिले में अपने प्रदेशों से बाहर हैं। बिहार और यूपी के लोग देश के कोने-कोने में बसे हुए हैं। ऐसे में रिमोट वोटिंग की प्रक्रिया लोकतंत्र में इन लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए एक बड़ा टूल साबित होगी। प्रवासी कामगारों को मतदान के लिए अपने गृह जनपद जाने की जरूरत नहीं होगी। वह अपनी मौजूदा जगह से ही मतदान प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। ऐसे में बिहार और यूपी के विधानसभा चुनावों और लोकसभा चुनाव में पहले की तुलना में ज्यादा वोट प्रतिशत बढ़ेगा।

### 2. भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता 29 दिसंबर से हुआ प्रभावी




भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग व्यापार समझौता (भारत-आस्ट्रेलिया एकता) गुरुवार से प्रभावी होने के अवसर पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि इस समझौते के आधार पर द्विपक्षीय व्यापार बढ़ने से भारत में अतिरिक्त 10 लाख रोजगार के अवसर पैदा होंगे। ऑस्ट्रेलिया भारत का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है।कि इस समझौते से भारतीय योग शिक्षकों और रसोइयों को आस्ट्रेलिया में काम करने के लिए वार्षिक वीज़ा कोटा का भी लाभ होगा। इसके अंतर्गत अध्ययन के बाद के कार्य वीजा के प्रावधान से वहां पढ़ाई के लिए जाने वाले एक लाख से अधिक भारतीय युवाओं को लाभ होगा।इस वर्ष पहली मई को भारत यूएई व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते के लागू होने के बाद यह इस वर्ष लागू हुआ इस तरह का दूसरा समझौता है। आस्ट्रेलिया के साथ समझौता इस वर्ष दो अप्रैल को हुआ था। गत 21 नवंबर को इसका अनुसमर्थन किए जाने के बाद 29 नवंबर को दोनों पक्षों ने लिखित सूचनाओं का आदान-प्रदान किया था। मुंबई में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि समझौते पर बातचीत बहुत तेजी से और बहुत अच्छी तरह सम्पन्न की गयी । उन्होंने आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ब्रेट ली और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सचिन तेंदुलकर से इसकी तुलना करते हुए कहा, "इस समझौते के लिए ब्रेट ली की गति और सचिन तेंदुलकर की पूर्णता के साथ बातचीत की गई है।" उद्योग मंत्री ने कहा, "ऑस्ट्रेलिया बड़े पैमाने पर कच्चे माल और मध्यवर्ती उत्पाद बनाने वाला देश है। वहां से हमें सस्ता कच्चा माल मिलेगा जो न केवल हमें विश्व स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बना देगा बल्कि हमें सक्षम भी करेगा।" उन्होंने कहा कि इससे आस्ट्रेलिया को भारत से कम लागत पर तैयार माल का फायदा होगा।

### 3. मध्य प्रदेश राज्य में होगा 5वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 का आयोजन




साल 2018 में शुरू हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स के 5वें आयोजन की मेजबानी मप्र करेगा। मप्र के आठ शहरों में जनवरी-फरवरी 2023 में खेलों के आयोजन किए जाएंगे। इससे पहले दिल्ली, पुणे (महाराष्ट्र), गोवाहाटी (असम), एवं पंचकुला (हरियाणा) में इसके आयोजन हो चुके हैं। जनवरी-फरवरी 2023 में प्रदेश के 8 शहरों (भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, मंडला, महेश्वर एवं बालाघाट) में खेलों का आयोजन किया जाएगा। दिल्ली में खेल अलंकरण समारोह एवं खेलो इंडिया प्रोग्राम में केन्द्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अनुराग ठाकुर, केन्द्रीय खेल राज्यमंत्री निशिथ प्रमाणिक और सीएम शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में इस आयोजन का ऐलान हुआ। इन खेलों में मप्र के 30 खेलों में 7 हजार से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे।दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा खेलों को प्रोत्साहन देने मध्यप्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है। साल 2003 में खेल एवं युवा कल्याण विभाग का बजट केवल 5 करोड़ था, ये बढ़कर अब 350 करोड़ रुपए हो गया है। मप्र में 18 खेलों की 11 खेल अकादमी स्थापित की गई हैं। प्रतिभावान 900 खिलाड़ियों को इंटरनेशनल लेवल की स्पोर्ट्स ट्रेनिंग दी जा रही हैं।कार्यक्रम में मप्र की खेलमंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने बताया खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2021 में 38 पदक जीतकर मप्र ने टॉप-10 में जगह बनाई थी। पिछले साल मल्लखंब में मप्र ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया था। मध्यप्रदेश अकादमी के प्रशिक्षित 08 खिलाडियों ने टोक्यो ओलिंपिक 2022 में भाग लिया था। कॉमनवेल्थ गेम्स, 2022 में पुरुष हॉकी टीम में 02 खिलाड़ी और महिला हॉकी टीम में 04 खिलाड़ी मध्यप्रदेश से सिलेक्ट हुए हैं।

### 4. लेफ्टिनेंट जनरल अरविंद वालिया बने भारतीय सेना इंजीनियर-इन-चीफ



लेफ्टिनेंट जनरल अरविंद वालिया को भारतीय सेना का अगला इंजीनियर-इन-चीफ नियुक्त किया गया है। वह लेफ्टिनेंट जनरल हरपाल सिंह का स्थान लेंगे, जो 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। भारतीय सेना के अधिकारी ने यह जानकारी दी है।वरिष्ठ नौकरशाह संतोष कुमार यादव को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उत्तर प्रदेश कैडर के 1995 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी वर्तमान में शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग में अतिरिक्त सचिव हैं। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश के अनुसार, उन्हें एनएचएआई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।इस बीच हिमाचल प्रदेश कैडर के 1997 बैच के आईएएस अधिकारी सुभाषिश पांडा को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। गंजी कमला वी राव को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया है। केरल कैडर के 1990 बैच के आईएएस अधिकारी राव वर्तमान में भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं।वहीं, हितेश कुमार एस मकवाना को गृह मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। आदेश में कहा गया है कि हिमाचल प्रदेश कैडर के 1997 बैच के आईएएस अधिकारी रजनीश सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव और विकास आयुक्त होंगे।

### 5. राष्ट्रीय अटल सम्मान पुरस्कार 2022 का 9वां संस्करण हुआ आयोजित



देश की राजधानी दिल्ली के मौलाना आजाद रोड स्थित विज्ञान भवन में नौवां राष्ट्रीय अटल सम्मान समारोह व अटल गाथा का भव्य कार्यक्रम 24 दिसंबर 2022 को आयोजित होगा। इस समारोह के आयोज समीति के अध्यक्ष भुवनेश सिंघल ने बताया कि इस समारोह में फिल्म और कला, संस्कृति, भजन तथा संगीत जगत की देश की 100 से भी अधिक हस्तियों की उपस्थिति दर्ज होगी और आयोजन के दौरान सभी आने वाले प्रतिनिधियों को तिलक लगाकर व 101 ब्राहमण दल (पंडित वेदमूर्ती जी के नेतृत्व में) शंखनाद और मंत्रोच्चारण से किया जायेगा।आयोजन समाप्ति पर सभी के लिये अटल जी की एक प्रतीक चिन्ह प्रतिनिधियों को भेंट किया जायेगा। समारोह की अध्यक्षता सांसद मनोज तिवारी व अतिथ्य विधायक अजय महावर का रहेगा। कार्यक्रम में प्रवेश से पहले निर्गत विशेष पास द्वारा ही मिलेगा। पीआरओ व पत्रकार अजय जैन ने बताया कि इस समारोह में प्रिंट मीडिया एवं तीन सौ से अधिक इलेक्ट्रॉनिक चैनल्स बतौर मीडिया पार्टनर की भूमिका में भी रहेंगें।

### 6. संतोष कुमार यादव भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के नियुक्त हुए अध्यक्ष



वरिष्ठ नौकरशाह संतोष कुमार यादव को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं, सुभाषिश पांडा को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) का उपाध्यक्ष बनाया गया है। कार्मिक मंत्रालय ने सोमवार को कई अधिकारियों का पदभार बदला है।उत्तर प्रदेश कैडर के 1995 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी संतोष कुमार यादव वर्तमान में शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग में अतिरिक्त सचिव हैं। आदेश में कहा गया है कि उन्हें एनएचएआई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।वहीं, हिमाचल प्रदेश कैडर के 1997 बैच के आईएएस अधिकारी सुभाषिश पांडा को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। गंजी कमला वी राव को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के रूप में नामित किया गया है।केरल कैडर के 1990 बैच के आईएएस अधिकारी राव वर्तमान में भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं। हितेश कुमार एस मकवाना को गृह मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव के रूप में नामित किया गया है। हिमाचल प्रदेश कैडर के 1997 बैच के आईएएस अधिकारी रजनीश सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव और विकास आयुक्त होंगे।

### 7. बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश की पहली मेट्रो रेल को दिखाई हरी झंडी



बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने गुरुवार को ढाका में पहली मेट्रो रेल का उद्घाटन किया। दियाबारी और अगरगांव स्टेशन के बीच चलने वाली मेट्रो ट्रेन को शेख हसीना ने ढाका में हरी झंडी दिखाई। जानकारी के मुताबिक, जापान के सहयोग से मेट्रो प्रोजेक्ट पर बांग्लादेश सरकार कम रही है। बता दें कि उद्घाटन के दौरान जापानी राजदूत किमिनोरी इवामा और इचिगुची तोमोहाइड मौजूद थे।शेख हसीना की राजनीतिक पार्टी आगामी लीग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर के जरिए जानकारी देते हुए लिखा,'बांग्लादेश ने इलेक्ट्रिक ट्रेन के युग में प्रवेश किया है क्योंकि शेख हसीना ने बांग्लादेश में पहली मेट्रोरेल सेवा का उद्घाटन किया है।पीएम ने अपनी बहन शेख रेहाना के साथ इस लंबे समय से प्रतीक्षित मेगा प्रोजेक्ट की पहली सवारी करने के लिए टिकट खरीदा।' बता दें कि साल 2016 में मेट्रो रेल का प्रोजेक्ट शुरू हुआ था।उद्घाटन के दौरान पीएम शेख हसीना ने बताया किछह लाइनें और 100 से अधिक स्टेशन ट्रैफिक जाम को खत्म करने में मदद करेंगे। पीएम शेख

हसीना ने परियोजना के निर्माण के दौरान मारे गये छह जापानी इंजीनियर्स को भी याद किया। बता दें कि सभी 6 इंजीनियर्स 2016 में आतंकियों द्वारा ढाका के एक कैफे पर हमले के दौरान मारे गए थे।

### 8. उत्तराखंड के टिहरी में विश्व स्तरीय केयाकिंग- कनोइंग अकादमी होगी स्थापित



केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने कहा है कि टिहरी में विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किया जाएगा, जिसमें खिलाड़ियों के ठहरने से लेकर ट्रेनिंग की भी व्यवस्था की जाएगी। सिन्हा ने कहा कि इस ट्रेनिंग सेंटर में बेहतर खेल प्रतिभाओं को टीएचडीसी द्वारा विदेश में भी ट्रेनिंग दी जाएगी। ऊर्जा मंत्रालय द्वारा यह तय किया गया है कि ऊर्जा मंत्रालय की हर एक कंपनी एक खेल को अंगीकृत करेगी, इसी क्रम में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा कयाकिंग कैनोइंग खेल को अंगीकृत किया गया है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने टिहरी झील में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप "टिहरी वाटर स्पोर्ट्स कप" का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री धामी ने आयोजन स्थल पर लगे विभिन्न स्टाल्स का निरीक्षण किया साथ ही पहले सत्र की विजेता टीमों मेडल प्रदान किए। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह पहला मौका है जब टिहरी झील में राष्ट्रीय स्तर की इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में "समृद्ध खेल संस्कृति" का विकास हो रहा है, हाल के दिनों में हमारे खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न खेलों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे ऐतिहासिक प्रदर्शन इसका प्रमाण हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने बुधवार को टिहरी झील में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप "टिहरी वाटर स्पोर्ट्स कप" का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री धामी ने आयोजन स्थल पर लगे विभिन्न स्टाल्स का निरीक्षण किया साथ ही पहले सत्र की विजेता टीमों मेडल प्रदान किए। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह पहला मौका है

### 9. उत्तर प्रदेश की बुलंदशहर जेल को फाइव स्टार रेटिंग से किया सम्मानित




उत्तर प्रदेश की बुलंदशहर जेल (Bulandshahr) को फाइव-स्टार रेटिंग (Five Star Rating) से सम्मानित किया गया है। बता दें कि जेल की रसोई में पकाए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता ( Quality of Food) तथा भंडारण और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (Food Safety and Standards Authority of India) द्वारा पांच सितारा (Five Star Rating) रेटिंग दी गई है। जेल द्वारा प्रदान किए गए भोजन को पांच सितारा रेटिंग और 'ईट राइट कैंपस' टैग से सम्मानित किया है। फर्रुखाबाद जेल के बाद उत्तर प्रदेश से यह टैग पाने वाली बुलंदशहर जेल दूसरी जेल है।इस मामले में बुलन्दशहर जिला कारागार (Bulandshahr District Jail) के जेल अधीक्षक राजेन्द्र कुमार जायसवाल ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एफएसएसएआई (FSSAI) की टीम ने कड़े उपायों पर रसोई की भोजन की गुणवत्ता, भंडारण व स्वच्छता का निरीक्षण किया था। इसके आधार पर बुलंदशहर जेल को एफएसएसएआई द्वारा यह सम्मान दिया गया है। टीम ने अपने निरीक्षण में पाया कि जेल अधिकारियों और बंदियों ने सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा के लिए व्यापक रूप से काम किया है।

### ONE LINER

**"फोर्क्स इन द रोड: माई डेज़ एट RBI एंड बियॉन्ड?" नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं** - सी. रंगराजन

**एशियाई विकास बैंक (ADB) ने वार्षिक खरीद पर जारी अपनी रिपोर्ट में, 28 दिसंबर 2022 को जल और अन्य अवसंरचना क्षेत्रों में शीर्ष परामर्श सेवा फर्म के रूप में निम्नलिखित में से किसे स्थान दिया** – WAPCOS

**अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के वर्ष 2022 के उभरते हुए खिलाड़ी पुरस्कार नामांकित सूची के पुरुष वर्ग में किसे शामिल किया गया है** - अर्शदीप सिंह

**'धनु यात्रा' उत्सव किस राज्य से संबंधित है** – ओडिशा

**राष्ट्रपति ने किस मंदिर में तीर्थ यात्रा के बुनियादी ढांचे की नींव रखी** - रामप्पा मंदिर

किस देश के शोधकर्ता वर्तमान में एक दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी 'GNB1 एन्सेफैलोपैथी' के इलाज के लिए एक दवा विकसित करने की कोशिश कर रहे हैं - भारत, अमेरिका और इजराइल

किस राज्य ने BMLTA विधेयक 2022 पारित किया – कर्नाटक

यूक्रेन के राष्ट्रपति ने रूस के साथ युद्ध को समाप्त करने के लिए 10 सूत्री शांति योजना की रूपरेखा तैयार की। यूक्रेन के राष्ट्रपति कौन हैं - वलोडिमिर ज़ेलेंस्की

**QUIZ**

**1. हाल ही में 2022 में सामाजिक उपलब्धि के लिए रविन्द्र नाथ टैगोर साहित्यिक पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया है?**

a) एस. के. रॉय

b) सुदीप सेन

c) शोभना कुमार

d) राणा दास गुप्ता

Explanation - : रवींद्रनाथ टैगोर साहित्य पुरस्कार संयुक्त रूप से सुदीप सेन ने अपनी शैली एंथ्रोपोसीन : क्लाइमेट चेंज, कंटैगियन, सांत्वना और शोभना कुमार को उनके हाइबुन संग्रह ए स्काई फुल ऑफ बकेट लिस्ट के लिए जीता है।जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के निर्माता एस. के. रॉय को सामाजिक उपलब्धि के लिए रविन्द्र नाथ टैगोर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इसे साहित्यिक और सामाजिक उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए 2018 में शुरू किया गया था।

**2. पीएम मोदी 26 दिसंबर 2022 को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में पहले 'वीर बाल दिवस ' को चिह्नित करने वाले कार्यक्रम में भाग लिया। यह स्टेडियम कहाँ स्थित है?**

a) मुम्बई

b) दिल्ली

c) कानपुर

d) जयपुर

Explanation - : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 दिसंबर 2022 को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम, दिल्ली में पहले 'वीर बाल दिवस ' के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया।प्रकाश पर्व, 2022 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को श्री गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों साहिबजाद बाबा, जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को 'वीर बाल दिवस ' के रूप में मनाया जाएगा ।

**3. हाल ही में श्री स्वामीनारायण गुरुकुल राजकोट संस्थान के 75वें अमृत महोत्सव को संबोधित किसने किया?**

a) अमित शाह

b) नरेंद्र मोदी

c) राजनाथ सिंह

d) पीयूष गोयल

Explanation - : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 दिसंबर, 2022 को श्री स्वामीनारायण गुरुकुल राजकोट संस्थान के 75वें अमृत महोत्सव को संबोधित किया।मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने 22 दिसंबर को राजकोट में पांच दिवसीय अमृत महोत्सव समारोह का उद्घाटन किया।यह 1948 में श्री धर्मजीवनदासजी स्वामी द्वारा स्थापित किया गया था।

श्री स्वामीनारायण गुरुकुल राजकोट संस्थान की पूरे विश्व में 40 से अधिक शाखाएँ हैं।

**4. रिलायंस जियो ने 23 दिसंबर 2022 को रिलायंस इंफ्राटेल के मोबाइल टावर और फाइबर संपत्ति का अधिग्रहण किया। रिलायंस जियो की स्थापना किस वर्ष की गई थी?**

a) 2005

b) 2013

c) 2007

d) 2015

Explanation - : रिलायंस जियो ने 23 दिसंबर 2022 को रिलायंस इंफ्राटेल के मोबाइल टावर और फाइबर संपत्ति का अधिग्रहण किया।रिलायंस इंफ्राटेल के पास देश भर में लगभग 178,000 रूट किलोमीटर की फाइबर संपत्ति और 43,540 मोबाइल टावर हैं।नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने रिलायंस इंफ्राटेल के अधिग्रहण के लिए जियो को मंजूरी दे दी है।रिलायंस जियो की स्थापना - 2007रिलायंस जियो के संस्थापक - मुकेश अंबानी

**5. हाल ही में 2022 के लिए BBC स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर से किसे सम्मानित किया गया है?**

a) महेन्द्र सिंह धोनी

b) ईव मुरहेड

c) बेन स्टोक्स

d) बेथ मीड

Explanation - : बेथ मीड को दिसंबर 2022 में BBC स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर 2022 के लिए सम्मानित किया गया है।

वह प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट और यूरो 2022 में शीर्ष स्कोरर थीं।

बेथ मीड ने वेम्बली में फाइनल में जर्मनी को हराकर इंग्लैंड की पहली मेजर बोमन फुटबॉल ट्रॉफी जीती।

इंग्लैंड के क्रिकेटर बेन स्टोक्स दूसरे और शीतकालीन ओलंपिक कर्लिंग चैंपियन ईव मुरहेड तीसरे स्थान पर रहे।

**6. हाल ही में वियतनाम के हनोई में विनफ्यूचर स्पेशल प्राइज किसे मिला?**

a) थलप्पिल प्रदीप

b) आतिश माथुर

c) गिरिश पटेल

d) उषा प्रकाश

**Explanation - :** भारतीय वैज्ञानिक, प्रोफेसर थलप्पिल प्रदीप ने वियतनाम के हनोई में 20 दिसंबर 2022 को विनफ्यूचर स्पेशल प्राइज प्राप्त किया।उन्हें भूजल से आर्सेनिक और अन्य भारी धातुओं को हटाने के लिए कम लागत वाली निस्पंदन प्रणाली के नवाचार के लिए सम्मानित किया गया।उन्हें 2020 में निक्केई एशिया पुरस्कार, 2018 में विश्व विज्ञान अकादमी पुरस्कार, और 2008 में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार मिला।

**7. हाल ही में एक संशोधित प्रोबिटी पोर्टल, e-HRMS 2.0 पोर्टल किसने लॉन्च किया?**

a) राजनाथ सिंह

b) मनसुख मंडाविया

c) पीयूष गोयल

d) डॉ. जितेंद्र सिंह

**Explanation - :** केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने 25 दिसंबर 2022 को एक नया प्रोबिटी पोर्टल, e-HRMS 2.0 पोर्टल लॉन्च किया है।उन्होंने कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय की प्रमुख पहलों/उपलब्धियों पर एक ई-पुस्तक भी जारी की।2017 में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए संशोधित प्रोबिटी पोर्टल लॉन्च किया गया था।

इसने कर्मचारियों को सीमित मानव संसाधन संबंधी सेवाएं प्रदान की।

**8. हाल ही में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने राइट टू रिपेयर पोर्टल कहां लॉन्च किया?**

a) रांची

b) इंदौर

c) नई दिल्ली

d) सूरत

**Explanation - :** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने 24 दिसंबर 2022 को नई दिल्ली में राइट टू रिपेयर पोर्टल लॉन्च किया। पोर्टल पर निर्माता उत्पाद विवरण के मैनुअल को ग्राहकों के साथ साझा करेंगे ताकि वे या तो स्वयं या तीसरे पक्ष द्वारा मरम्मत कर सकें।

जुलाई 2022 में, उपभोक्ता मामलों के विभाग ने 'राइट टू रिपेयर' पर एक व्यापक रूपरेखा विकसित करने के लिए निधि खरे की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था।

**9. प्रतिवर्ष सुशासन दिवस कब मनाया जाता है?**

a) 23 दिसंबर

b) 24 दिसंबर

c) 25 दिसंबर

d) 26 दिसंबर

**Explanation - :** 25 दिसंबर को भारत के 10वें प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर हर साल सुशासन दिवस मनाया जाता है।सुशासन के माध्यम से सरकारी कार्यक्रमों और सेवाओं तक जनता की पहुंच बढ़ाने के लिए इसे मनाया जाता है।इसे "ई-गवर्नेंस के माध्यम से सुशासन" के नारे के साथ स्थापित किया गया था।

इसकी शुरुआत 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी।

**10. हाल ही में नेपाल के नए प्रधानमंत्री के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**

a) शेर बहादुर देउवा

b) पुष्प कमल दहल

c) गिरिजा प्रसाद कोइराला

d) बाबुराम भट्टराई

**Explanation - :** नेपाल की राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने 25 दिसंबर 2022 को पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' को नेपाल का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया।वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।उन्होंने अन्य दलों के समर्थन से गठबंधन सरकार बनाई है।वह प्रधानमंत्री के रूप में नेपाली कांग्रेस पार्टी के शेर बहादुर देउबा की जगह लेंगे।

नेपाल की संसद को संघिया संसद कहा जाता है।